राजस्थान पत्रिका , पेज नंबर :- ०३

दिनांक :- ०८ / ०५ / २०२६

आमजन की तरह लाइन में खड़े होकर लिया टिकट

राज्यपाल देवव्रत ने गांधीनगर से अहमदाबाद तक मेट्रो में की यात्रा

लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदते आचार्य देवव्रत।

मेट्रो में यात्रा के दौरान राज्यपाल आचार्य देवव्रंत।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

गांधीनगर. गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की सादगीपूर्ण जीवनशैली की एक और झलक गुरुवार फिर लोगों को देखने मिली। राज्यपाल गांधी आश्रम पुनर्विकास योजना की समीक्षा के लिए सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राणीप मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में यात्रा कर पहुंचे।

राज्यपाल आचार्य देवव्रत गांधीनगर स्थित सचिवालय मेट्रो स्टेशन पर आमजन की तरह लाइन में खड़े होकर स्वयं टिकट लेकर प्लेटफॉर्म तक पहुंचे। बाद में उन्होंने अन्य यात्रियों के साथ मेट्रो में यात्रा की। राज्यपाल के मेट्रो में यात्रा करने की जानकारी मिलते ही यात्रियों में उत्सुकता का वातावरण बन गया। उन्होंने यात्रियों के साथ सहज संवाद करते हुए मेट्रो यात्रा का अनुभव साझा किया। राज्यपाल ने यात्रियों से मेट्रो सेवा के बारे में उनके अनुभव भी जाने। लोगों ने राज्यपाल के साथ तस्वीरें खिंचवाकर इस यात्रा को अपने लिए यादगार बना लिया।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल पूर्व में भी कई बार एस.टी. बस और ट्रेन जैसी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का उपयोग कर अपनी सादगी का परिचय दे चुके हैं। सामान्य नागरिक की तरह मेट्रो में यात्रा कर उन्होंने स्वयं को जनसामान्य से जुड़े राजयपाल होने का एक और उदाहरण प्रस्तुत किया।